राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

## Launchpad Nests/District Incubation Centers पर पदस्थापित सूचना सहायकों के सेवा एवं कार्य संबंधी दिशा–निर्देश (Guidelines)

### 1. प्रस्तावना (Background):

बजट वर्ष 2023–24 में की गई घोषणा की अनुपालना में विभाग द्वारा राज्य के 33 जिलों में कुल 65 iStart Launchpad Nests/iStart District Incubation Centers (33 चयनित विद्यालयों में एवं 32 चयनित महाविद्यालयों में) की स्थापना एवं संचालन शिक्षा विभाग के सहयोग से किया जा रहा हैं। इन Launchpad Nests/ District Incubation Centers का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के अवसर पर किया जा चुका हैं।

इस प्रोग्राम की महत्ता के दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा Launchpad Nests एवं District Incubation Centers हेतु कुल 58 सूचना सहायकों के नवीन पदों की स्वीकृति वित्त विभाग की आई.डी. संख्या 102500125 दिनांक 18–07–2025 के द्वारा प्रदान की गई हैं, जिसके अनुसरण में विभाग द्वारा नवीन पदों के सृजन संबंधी विभागीय आदेश क्रमांक एफ2(6761)सूप्रौ/संस्था /15/PT-16/02965/2025 दिनांक 22-07-2025 भी जारी किये जा चुके है।

जिसके अनुसार उक्त सूचना सहायक विभाग द्वारा जारी पद सृजन आदेश 02965/2025 दिनांक 22.07.2025 के अनुलग्नक–83 (संशोधित) के अनुसार वर्णित कार्यालयों में कार्य सम्पादित करेंगे।

### 2. सेवा संबंधी महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश (Service Related Important Guidelines)

#### I. कार्यग्रहण (Joininig Process):

- सूचना सहायकों का कार्यग्रहण संबंधित Launchpad Nests/District Incubation Centers विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा सम्पन्न करवाया जायेगा।
- कार्यग्रहण रिपोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय को प्रधानाचार्यों द्वारा यथासमय प्रेषित की जायेगी।
- उक्त कार्य हेतु विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग एवं आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को पत्र (क्रमांकः प.15(04)/सूप्रौ/2023 /RajKaj Ref. No. 16856873 एवं 16857273 दिनांक 31–07–2025) प्रेषित किये जा चुके हैं।

Signature valid
Digitally signed by Rameshwar Lal Solanki
Designation : Joint Secretary
Date: 2025.09.03 13:42:30 IST
Reason: Approved

II. **सेवा–पुस्तिका (Service Book):**

- सूचना सहायकों की सेवा पुस्तिका का संधारण इस विभाग के स्तर से किया जायेगा।
- Paymanager, SIPF, GPF एवं अन्य कार्मिक IDs का creation संबंधित कार्य सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय की भुगतान शाखा द्वारा सम्पन्न करवाया जायेगा।
- कार्यालय का नाम निम्न प्रकार से उल्लेखित किया जायेगा :
    - कार्यालय लॉन्चपेड नेस्ट, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग– आई–स्टार्ट परियोजना, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय..................
    - कार्यालय डिस्ट्रिक्ट इनक्युबेशन सेंटर, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग– आई–स्टार्ट परियोजना, राजकीय महाविद्यालय..................

III. **अवकाश एवं कार्यालय समय (Leave and Working Hours):**

- सूचना सहायकों के अवकाश संबंधी वे सभी नियम लागू होगें जो विद्यालयों/महाविद्यालयों में पदस्थापित अन्य नियमित अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों पर लागू होते हैं।
- आकस्मिक एवं ऐच्छिक अवकाश अवकाश के अलावा अन्य अवकाशों का निस्तारण भी इस विभाग के स्तर से किया जायेगा।
- सूचना सहायकों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन की Raj-Kaj Hierarchy, iStart परियोजना के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय पर पदस्थापित सूचना सहायकों के भांति ही निर्धारित की जायेगी।

IV. **उपस्थिति सत्यापन (Attendance Verification):**

- सूचना सहायकों की उपस्थिति का सत्यापन संबंधित Launchpad Nests/District Incubation Centers विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा किया जायेगा।
- किन्हीं परिस्थितियों मे प्रधानाचार्यों द्वारा उपस्थिति का सत्यापन सम्पन्न नहीं हो पा रहा हैं तो प्रभारी अधिकारी, संबंधित जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा उपस्थिति सत्यापन किया जा सकेगा।
- सूचना सहायकों का वेतन सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर द्वारा उपलब्ध बजट से आहरित होगा। जिसके लिये संबंधित की उपस्थिति प्रत्येक माह की 20 तारीख तक इस विभाग को भिजवानी होगी।

Signature valid
Digitally signed by Rameshwar Lal Solanki
Designation : Joint Secretary
Date: 2025.09.03 13:42:30 IST
Reason: Approved


RajKaj Ref No.: 17542600
eSign 1.0

V. **TA/DA:**

- सूचना सहायकों को Officials visits के लिये TA/DA का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

## 3. कार्य संबंधी महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश (Work Related Important Guidelines)

iStart Launchpad Nests/iStart District Incubation Centers पर पदस्थापित सूचना सहायकों के द्वारा आई–स्टार्ट परियोजना के अन्तर्गत संचालित बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम, iStart लॉन्चपैड प्रोग्राम, iStart स्कूल प्रोग्राम एवं राजस्थान स्टार्टअप पॉलिसी और अन्य राज्य स्तरीय उद्यमिता एवं नवाचार पहलों के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर उनमें उद्यमशीलता की भावना विकसित करने का कार्य करेंगे।

**मुख्य कार्य एवं जिम्मेदारियाँ (Key Responsibilities and Duties):** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा सूचना सहायकों हेतु निर्धारित मुख्य Job कार्य के अतिरिक्त iStart Launchpad Nests/iStart District Incubation Centers पर पदस्थापित सूचना सहायकों द्वारा निम्न कार्य किये जाने अपेक्षित है :–

I. **सूचना एवं जागरूकता गतिविधियाँ (Information and Awareness Activities)**

- स्कूल और कॉलेज के छात्र–छात्राओं को iStart योजना तथा उसके अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमो जैसे Business Innovation Program, Launchpad Program, School Startup, आदि के बारे में जानकारी प्रदान करना।
- संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान, परिचर्चा सत्र, और नवाचार आधारित प्रस्तुतियाँ आयोजित करना।

II. **प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास (Training and Capacity Building)**

- विद्यार्थियों में नवाचार और उद्यमिता के प्रति रुचि एवं समझ विकसित करने हेतु Capacity Building Workshops और Skill Development Sessions का आयोजन।

Signature valid
Digitally signed by Ra[illegible]eshwar Lal Solanki
Designation : Joint Secretary
Date: 2025.09.03 [illegible]3:42:30 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 17542600
eSign 1.0

- iStart Launchpad Nests/District Incubation Centers और अन्य शैक्षणिक/प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से कार्यशालाएं एवं Bootcamps आयोजित करना।

**III. <u>पोर्टल एवं पंजीकरण सहयोग (Portal and Registration Support)</u>**

- iStart पोर्टल पर स्टार्टअप्स के पंजीकरण हेतु छात्र–छात्राओं को मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- Startup Ecosystem में भागीदारी के लिए आवश्यक दस्तावेज एवं प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान करना।

**IV. <u>प्रचार–प्रसार और आयोजन सहयोग (Promotion and Event Support)</u>**

- Startup Innovation Promotions के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण कर नवाचार गतिविधियों का प्रचार–प्रसार करना।
- शैक्षणिक संस्थानों में Exhibitions, Competitions, Pitching Events, Orientation Sessions, Idathons आदि का आयोजन।
- स्थानीय उद्यमियों और नवप्रवर्तकों के साथ विद्यार्थियों के संवाद सत्र (Mentor Meetups, Success Stories) आयोजित करना।

**V. <u>स्थानीय, जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं (Local, District, and State-Level Competitions)</u>**

- विभिन्न स्तरों पर आयोजित नवाचार एवं उद्यमिता प्रतियोगिताओं हेतु छात्रों को प्रेरित करना एवं तैयार करना।
- प्रतियोगिताओं में भागीदारी हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सामग्री एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

**VI. <u>डेटा संकलन, रिपोर्टिंग एवं निगरानी (Data Compilation, Monitoring & Reporting)</u>**

- सभी गतिविधियों की उपस्थिति, Session Feedback, निष्कर्ष एवं प्रमुख परिणामों सहित विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना।

Signature valid
Digitally signed by Rameshwar Lal Solanki
Designation : Joint Secretary
Date: 2025.09.03 13:42:30 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 17542600
eSign 1.0

- स्थानीय नवाचार गतिविधियों एवं सफलता की कहानियों का डॉक्युमेंटेशन और डिजिटल आर्काइविंग (Digital Archiving)।
- निर्धारित अंतराल पर ट्रैकिंग, पोर्टल अपडेशन, और कार्यक्षमता रिपोर्टिंग (Performance Monitoring) हेतु डिजिटल डेटा अपडेट करना।

**VII. <u>संसाधन प्रबंधन एवं रखरखाव (Resource Management and Maintenance)</u>**

- iStart Launchpad Nests/District Incubation Centers में उपयोग हो रहे उपकरणों, संसाधनों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की कार्यक्षमता बनाए रखना।
- संसाधनों की सूची बनाकर नियमित रख–रखाव सुनिश्चित करना।

**VIII. <u>समन्वय और नेटवर्किंग (Coordination and Networking)</u>**

- शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों एवं प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करना ताकि गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।
- iStart पोर्टल पर संस्थानों का पंजीकरण सुनिश्चित कराना।
- शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अनुसार नवाचार गतिविधियों को एकीकृत करने हेतु प्रशासन और स्टाफ के साथ तालमेल बनाए रखना।

**<u>नोटः–</u>**

- **<u>उक्त सभी दिशा–निर्देश, राजस्थान सेवा नियमों एवं समय–समय पर जारी संशोधनों के अध्यधीन रहेगें।</u>**

उक्त दिशा–निर्देश (Guidelines) सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं।

**(रामेश्वर लाल सोलंकी)**
तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव

Signature valid
Digitally signed by Rameshwar Lal Solanki
Designation : Joint Secretary
Date: 2025.09.03 13:42:30 IST
Reason: Approved